दिन– सोमवार दिनांक– 26 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी को न्याय प्रदान करने के लिए न्यायिक प्रणाली में तकनीक और नवाचारों के उपयोग का आह्वान किया।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के नेटवर्क को सख्ती से समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया।

03. प्रदेश से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। भागलपुर में गंगा नदी का पानी नए इलाकों में फैला।

04. और, आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है कृष्ण जन्मोत्सव।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि न्याय को अधिक से अधिक सरल और स्पष्ट बनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी को न्याय प्रदान करने के लिए न्यायिक प्रणाली में तकनीक और नवाचारों के उपयोग का आह्वान किया। श्री मोदी जोधपुर में राजस्थान उच्च न्यायालय के प्लेटिनम जुबली समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने हाल ही में आपराधिक कानूनों में किये गए बदलावों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये सुधार बहुत आवश्यक थे। उन्होंने कहा कि आज देश के अठारह हजार से अधिक न्यायालय कम्प्युटरीकृत हो चुके हैं। श्री मोदी ने कहा कि इन बदलावों से सामान्य नागरिक को बहुत राहत मिली है।

–––बाईट–––

आज देश में नेशनल ज्यूडिशियल डेटा ग्रिड से 26 करोड से ज्यादा मुकदमों की जानकारी एक सेन्ट्रलाइज ऑन लाइन प्लेटफार्म पर जुड चुकी है। आज पूरे देश की तीन हजार से ज्यादा गाड कॉप्लेक्सिस और बारह सौ से ज्यादा जेलें वीडियो कांफ्रेंस से जुड गई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विवाद निपटान की वैकल्पिक व्यवस्था न्याय को सुगम बनाने के साथ जीवन की सुगमता को बढावा देगी। श्री मोदी ने कहा कि उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक न्यायपालिका ने कई बार महत्वपूर्ण विषयों पर राष्ट्र प्रथम के संकल्प को मजबूत किया है।

———बाईट———

आज देश में कम खर्चीले और त्वरित निर्णयों के लिए बहुत अहम रास्ता बन रहा है। वैकल्पिक डिस्प्यूट मेकैनिज्म की व्यवस्था देश में ही इज ऑफ लिविंग के साथ ही इज ऑफ जस्टिस को भी बढ़ावा देगी। कानूनों में बदलाव करके नए प्रावधान जोड़कर, सरकार ने इस दिशा में कई कदम उठाए है।

———————————————————

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के नेटवर्क को सख्ती से समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया है। श्री शाह नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी के सौंवे साल तक देश को नशामुक्त बनाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है।

———बाईट———

एक ओर तो हमारे युवा पीढ़ी को बर्बाद करना हमारी नस्ल को बर्बाद करना लक्ष्य और दूसरी ओर देश की सुरक्षा के साथ जुड़े हुए सारे पहलूओं को नारकोटिक्स से विदेश से अर्जित किये हुए धन से प्रभावित करना भी लक्ष्य है तो हम सब की जिम्मेदारी बनती है कि जीरो टॉलरेंस की वृति के साथ हम देश को नशा मुक्त बनाये।

———————————————————

राज्य से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी पटना के गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर बनी हुई है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में भी लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। हमारे भागलपुर संवाददाता ने बताया कि नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से कई नए इलाके बाढ़ की चपेट में आ गये हैं।

———बाईट———

भागलपुर में गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। पानी का दबाव बढ़ने से सबौर में एनएच–80 पर बना डायवर्सन एक बार फिर बह गया है। इस डायवर्सन को एक दिन पहले ही ठीक कराया गया था। इसमें लगाया गया ह्यूम पाइप पानी के दबाव के कारण बाहर निकल गया। जिस कारण आवाजाही पर रोक लगा दी गई है। इधर, कहलगांव–पीरपैंती के तौफिल दियारा में पानी नए इलाकों में फैल रहा है। वहीं, इस्माईलपुर–गोपालपुर में पानी का दबाव बढने. के चलते 14 नंबर रोड कटने का खतरा बढ़ गया है। जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता आदित्य प्रकाश ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में आज भी वृद्धि जारी रहेगी लेकिन पानी की रफ्तार में आंशिक बढोतरी ही होगी। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, घाघरा नदी सिवान के दरौली और गंगपुर सिसवन में लाल निशान से ऊपर बनी हुयी है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरिया घाट में लाल निशान से चौंसठ सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले से होकर गुजरने वाली बूढ़ी गंडक और कोसी नदी उफान पर है। बूढ़ी

गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में खतरे के निशान से चार सेंटीमीटर, जबकि कोसी नदी का जलस्तर बलतारा में खतरे के निशान से ग्यारह सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया। नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी होने से परबत्ता, गोगरी और खगड़िया प्रखंड के दियारा के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। इधर, कटिहार जिले में भी गंगा, महानंदा, कोसी और बरंडी नदी का जलस्तर बढ़ रहा है। कोसी नदी का जलस्तर कुर्सेला में लाल निशान से अट्ठासी सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया।

मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में कमी की प्रवृति दिख रही है। हालांकि नदी का जलस्तर अभी भी चेतावनी स्तर से ऊपर बना हुआ है। इधर, जहानाबाद शहर से गुजरने वाली दरधा और जमुनईया नदी उफान पर है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से——

———बाईट———

नदियों का जलस्तर बढ़ने से शहर के निचले क्षेत्रों में पानी भर गया है। वहीं, जाफरगंज पुल पर भी बाढ़ का पानी चढ़ गया है। प्रशासन ने पुल के दोनों ओर घेराबंदी कर दी है, जिससे किसी भी हादसे को रोका जा सके। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने बताया कि तटवर्ती क्षेत्र में बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की व्यवस्था की गयी है। साथ ही बाढ़ पीड़ितों के लिए सामुदायिक किचन चलाने के भी निर्देश दिये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए जहानाबाद से आभाष रंजन।

———————————————

मौसम विभाग ने आज समस्तीपुर, बेगूसराय, औरंगाबाद, गया और नवादा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिणी हिस्सों में कई स्थानों पर मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

———————————————

आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। राजधानी पटना स्थित इस्कॉन मंदिर समेत विभिन्न कृष्ण मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी जा रही है। रात्रि बारह बजे मंदिरों में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जायेगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा है

कि श्रीमद् भगवत गीता का उपदेश जीवन प्रबंधन का महानतम् दर्शन है और हमे इसका अनुसरण करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि इस अवसर पर लोग श्रीकृष्ण के आदर्शों और उनके कर्मयोग के उपदेश को आत्मसात करने का संकल्प लेते हैं।

---

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने आश्विन शुक्ल पूर्णिमा, कोजागरा के दिन राष्ट्रीय मखाना दिवस मनाने का फैसला किया है। परिषद के सहायक महानिदेशक डॉ. के. नरसैया ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिथिला के किसानों और उद्यमियों के साथ–साथ पूरे देश में मखाना की खेती के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से ये फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि दरभंगा स्थित राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केन्द्र में सत्रह अक्टूबर को राष्ट्रीय सम्मलेन का आयोजन किया जाएगा।

---

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि अररिया के रानीगंज में देश का सबसे बड़ा चिड़ियाघर बनेगा। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली स्थित केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की जांच टीम जल्द ही अररिया आएगी। श्री कुमार ने कहा कि दो सौ नवासी एकड़ क्षेत्रफल में चिड़ियाघर का निर्माण किया जाएगा।

---

प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कुपोषित बच्चों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलेगा। आईसीडीएस के निदेशक किशोर ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण ट्रैकर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये हैं। इसके तहत ऐसे बच्चों की पहचान की जाएगी, जिनका वजन कम है। साथ ही बौनापन के शिकार बच्चों का अलग से डेटा तैयार किया जाएगा। निदेशक ने बताया कि चिन्हित बच्चों के लिए समय पर इलाज और पोषण की व्यवस्था भी की जाएगी।

---

सिपाही बहाली की लिखित परीक्षा के पांचवें चरण में कल कदाचार के आरोप में अलग–अलग केंद्रों से छह अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि सात पर प्राथमिकी दर्ज की गई।

---

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय ने अट्ठाईस अगस्त से होने वाली बीएससी नर्सिंग फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षा स्थगित कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवेश पत्र में गड़बड़ी मिलने के बाद परीक्षा स्थगित करने का फैसला किया गया।

---

सारण जिले के जलालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोठैया गांव में शराब तस्करों के खिलाफ छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में थानाध्यक्ष समेत छह पुलिस कर्मी घायल हो गए। इधर, बक्सर के एक निजी अस्पताल में पुलिस ने छापेमारी कर शराब पीने के आरोप में दो लोगों को गिफ्तार किया है। दूसरी तरफ, मद्य निषेध विभाग की टीम ने पटना के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर दस लाख रूपये मूल्य की शराब के साथ छह तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

पूर्णिया जिले के केनगर थाना क्षेत्र के इस्लामपुर गांव में एक परिवार के दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोगों की स्थिति गंभीर है। तीनों का इलाज जीएमसीएच में चल रहा है। पुलिस ने विषाक्त भोजन खाने से मौत की आशंका जताई है।

---

एसटीएफ की विशेष टीम ने अररिया में पिछले दिनों एक युवक की हुई हत्या के मामले में चार अपराधियों को रानीगंज और नरपतगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। वहीं, पश्चिम चम्पारण के जदयू के भितहा प्रखंड अध्यक्ष विभव राय की हत्या में शामिल चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बगहा के पुलिस अधीक्षक एस. के सरोज ने बताया कि अपराधियों के पास से हत्या में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिए गये हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक जागरण** ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – महिलाओं के विरूद्ध अपराध अक्षम्य पाप, दोषियों को छोड़ा नहीं जाना चाहिए।

**हिन्दुस्तान** ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है – बिहार में बिल्डरों पर रेरा का शिकंजा। तय समय पर फ्लैट नहीं सौंपा तो बीस लाख रूपये तक जुर्माना।

**दैनिक भास्कर** लिखता है – बाढ़ से बिहार के एक हजार सात सौ से अधिक स्कूलों में पढ़ाई बाधित।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – सक्षमता परीक्षा में भी सेंधमारी का प्रयास। नौ सेंटरों के कम्प्यूटर सिस्टम को हैक कर प्रश्नपत्र हल करने की थी तैयारी।

**राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – आर जी कर अस्पताल में घपले को लेकर सीबीआई के छापे।

**आज अखबार** ने लिखा है – वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दिसम्बर से शुरू होगी।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी को न्याय प्रदान करने के लिए न्यायिक प्रणाली में तकनीक और नवाचारों के उपयोग का आह्वान किया।

02. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के नेटवर्क को सख्ती से समाप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया।

03. प्रदेश से होकर गुजरने वाली नदियों के जलस्तर में उतार–चढ़ाव का सिलसिला जारी। भागलपुर में गंगा नदी का पानी नए इलाकों में फैला।

04. और, आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी है। प्रदेश के विभिन्न भागों में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है कृष्ण जन्मोत्सव।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।